>

Title: Need to ensure availability of iodized salt to all the people in the country.

श्री रामकिशुन (चन्दौली): यूनिसेफ की एक रिपोर्ट में यह कहा गया है कि अभी तक भारत में 49 फीसदी घरों में आयोडीनयुक्त नमक का इस्तेमाल नहीं होता है। इसका बच्चों के मानसिक विकास पर प्रतिकूल असर पड़ता है। आयोडीनयुक्त नमक के कम इस्तेमाल या बिल्कुल इस्तेमाल नहीं होने से यह देखा जाता है कि इसका कुप्रभाव मंदबुद्धि, बच्चों की बढ़ोत्तरी पर पड़ता है। भारत में 43 प्रतिशत बच्चे कम वजन वाले होते हैं। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली का कहना है कि आयोडीनयुक्त नमक का इस्तेमाल मंदबुद्धि वाले बच्चों की बढ़ोत्तरी के रूप में देखा जा रहा है। कम वजन वाले बच्चों की तादाद भी आयोडीनयुक्त नमक नहीं खा रही है। यह बच्चों पर दोहरी मार के रूप में सामने आ रहा है।

मैं यह मांग करता हूं कि सरकार यह सुनिश्चित कराए कि सभी परिवारों को आयोडीनयुक्त नमक मिले।